कर दो कृपा की बारिश

श्याम खाटू वाले मेरे श्याम खाटू वाले
मेरे श्याम खाटू ओ श्याम धणी सरकार

सूनी सूनी लागे सुबह शाम खाटू वाले,
कर दो कृपा की बारिश मेरे श्याम खाटू वाले,
श्याम खाटू वाले, मेरे श्याम खाटू वाले,
श्याम खाटू ओ श्याम धणी सरकार।

हो जाए गर कृपा तेरी जीत लूँ जग सारा,
दर पे तेरे हार के आया दे दो मुझे सहारा,
नौकर मुझको बनाकर दे कुछ काम खाटूवाले,
कर दो कृपा की बारिश मेरे श्याम खाटू वाले,
श्याम खाटू वाले, मेरे श्याम खाटू वाले,
श्याम खाटू ओ श्याम धणी सरकार।

दिल से जो भी निकली वो तूने फरियाद सुनी है,
सारे जग में ना कोई ऐसा जैसा श्याम धणी है,
तेरी भक्ति का तो मिले ईनाम खाटू वाले,
कर दो कृपा की बारिश मेरे श्याम खाटू वाले,
श्याम खाटू वाले, मेरे श्याम खाटू वाले,
श्याम खाटू ओ श्याम धणी सरकार।

अपनों ने तो तानो से मेरा हर दर्द बढ़ाया,
तूने सर पे हाथ फिराया मैं फिर से मुस्काया,
लिख दे फलक पे अब 'चेतन' का नाम खाटूवाले,
कर दो कृपा की बारिश मेरे श्याम खाटू वाले,
श्याम खाटू वाले, मेरे श्याम खाटू वाले,
श्याम खाटू ओ श्याम धणी सरकार।

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/25353/title/kar-do-kripa-ki-baarish

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |